सर्वोच्च प्राथमिकता

संख्या : 43/2016/777/छप्पन-2016-10/2016

प्रेषक,

एस0के0 रघुवंशी,
सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1- जिलाधिकारी,
बरेली।

2- जिलाधिकारी,
आगरा।

3- जिलाधिकारी,
कानपुर नगर।

4- जिलाधिकारी,
इलाहाबाद।

नागरिक उड्डयन अनुभाग

लखनऊ : दिनांक : 20 मई, 2016

विषय : सिविल एन्क्लेव के निर्माण हेतु क्रय की जा रही आवश्यक भूमि के सम्बन्ध में कृत कार्यवाही साप्ताहिक समीक्षा किया जाना।

महोदय,

आप अवगत हैं कि जनपद बरेली, आगरा, कानपुर नगर एवं इलाहाबाद स्थित भारतीय वायुसेना के हवाई अड्डों पर सिविल एन्क्लेव की स्थापना हेतु भूमि का क्रय/व्यवस्था करके भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को निःशुल्क रूप से उपलब्ध कराने का दायित्व राज्य सरकार को प्रदान किया गया है। उक्त दायित्व के निर्वहन हेतु शासन द्वारा वर्ष 2014-15 में ही उक्त चारों सिविल एन्क्लेवों की स्थापना हेतु भूमि की व्यवस्था के लिए एक-एक करोड़ की धनराशि स्वीकृत करके आपके निवर्तन पर रख दी गयी है। सम्प्रति विषयगत प्रयोजन हेतु शासन द्वारा निम्नवत् धनराशि स्वीकृत कर आपके निवर्तन पर रखी जा चुकी है :-

बरेली	रू0 53,10,30,000.00
आगरा	रू0 28,40,00,000.00
कानपुर नगर	रू0 21,00,00,000.00
इलाहाबाद	रू0 25,89,00,000.00

2- आपसी समझौते के आधार पर निजी भू-स्वामियों से भूमि क्रय के सम्बन्ध में शासनादेश संख्या : 2/2015/215/एक-13-2015-20(48)/2011, दिनांक 19.3.2015 एवं

-----2

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

शासनादेश संख्या : 63/1761/एक-1-2015-5-1(43)/2009-53, दिनांक 20.11.2015 के माध्यम से राजस्व विभाग द्वारा निर्धारित नीति के परिप्रेक्ष्य में नागरिक उड्डयन विभाग द्वारा उक्त चारों सिविल एन्क्लेवों के लिए भूमि की दर एवं भूमि के कुल मूल्य पर भूमि क्रय/पुनर्ग्रहण हेतु प्रशासकीय अनुमोदन निम्नवत् निर्गत किये गये शासनादेशों द्वारा जारी किया जा चुका है :-

क्र0	जनपद	शासनादेश संख्या/दिनांक	भूमि का कुल मूल्य
1	बरेली	सं0-63/2015/1031/छप्पन-2015-100/2013, दि0-30 जुलाई, 2015	रू0 53,10,30,000.00
2	आगरा	सं0-42/2016/403/छप्पन-2016-98/2013, दि0-20 मई, 2016	रू01,53,67,03,990.00
3	कानपुर नगर	सं0-41/2016/425/छप्पन-2016-99/2016, दि0-18 मई, 2016	रू0 82,23,71,848.00
4	इलाहाबाद	सं0-21/2016/1817/छप्पन-2015-81/2013, दि0-25 फरवरी, 2016	रू0 2,89,21,65,906.00

3- उक्त चारो स्थानों पर सिविल एन्क्लेव की स्थापना हेतु भूमि की व्यवस्था शासन की शीर्ष प्राथमिकता का विषय है और इसका अनुश्रवण प्रमुख सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा स्वयं अपने स्तर से किया जा रहा है। दिनांक 18.5.2016 को सम्पन्न बैठक में उनके द्वारा भूमि क्रय विषयक कार्यवाही की प्रगति की समीक्षा की गयी। भूमि क्रय/भूमि की व्यवस्था से सम्बन्धित जनपद स्तर पर कार्यवाही की प्रगति संतोषजनक नहीं पायी गयी। समीक्षा के उपरान्त निर्देश दिये गये हैं कि उक्त चारों जनपदों में सिविल एन्क्लेव की स्थापना हेतु सम्बन्धित जिला प्रशासन द्वारा क्रय की जा रही भूमि के सम्बन्ध में कृत कार्यवाही की समीक्षा शासन द्वारा साप्ताहिक रूप से की जाय। इस सम्बन्ध में जनपद स्तर से निम्नवत् कार्यवाही किया जाना अपेक्षित है :-

(क) सम्बन्धित जिलाधिकारी सिविल एन्क्लेव की स्थापना हेतु भूमि क्रय की कार्यवाही के तत्परतापूर्वक सम्पादन हेतु किसी अपर जिलाधिकारी को नोडल अधिकारी नामित करें।

(ख) सप्ताह में की गयी विषयगत कार्यवाही की प्रगति प्रत्येक सोमवार को पूर्वान्ह 11.00 बजे तक संलग्न प्रारूप पर नोडल अधिकारी द्वारा जिलाधिकारी के माध्यम से नियमित रूप से शासन को उपलब्ध कराई जाये, ताकि प्रत्येक मंगलवार को यह सूचना मा0 मुख्यमंत्री जी के अवलोकनार्थ प्रस्तुत की जा सके।

----3

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

4- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि आप अपने जिले में प्रस्तावित सिविल एन्क्लेव के सम्बन्ध में संलग्न प्रारूप (प्रति संलग्न) पर समग्र सूचना सहित आख्या शासन को प्रत्येक सोमवार को पूर्वान्ह 11.00 बजे तक फैक्स (0522-2238409/2238407) के माध्यम से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

संलग्नक :यथोक्त।

(एस0के0 रघुवंशी)
सचिव।

पृ0सं0 : 43/2016/777(1)/छप्पन-2016, तद्दिनांकः

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचना एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- आयुक्त, बरेली मण्डल, बरेली।
2- आयुक्त, आगरा मण्डल, आगरा।
3- आयुक्त, कानपुर मण्डल, कानपुर नगर।
4- आयुक्त, इलाहाबाद मण्डल, इलाहाबाद।
5- निदेशक, नागरिक उड्डयन, उ0प्र0, लखनऊ।
6- प्रमुख सचिव, नागरिक उड्डयन, उ0प्र0 शासन के निजी सचिव को प्रमुख सचिव, महोदया के अवगतार्थ।
7- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(एस0के0 रघुवंशी)
सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

सिविल इन्क्लेव की स्थापना हेतु भूमि क्रय की स्थिति।

जनपद का नाम : ..... माह ..... के .... सप्ताह तक की प्रगति

चिन्हित भूमि का क्षेत्रफल	भूमि का प्रकार (निजी/ ग्राम समाज/ अन्य)	भूमि का कुल मूल्यांकन	भूमि क्रय हेतु अवमुक्त धनराशि	भूमि क्रय की वर्तमान स्थिति	भूमि क्रय पर अद्यतन व्यय	आलोच्य सप्ताह में भूमि क्रय हेतु की गयी कार्यवाही/ हुई प्रगति का विवरण	भूमि क्रय में हो रहे विलम्ब का कारण (यदि कोई हो)	आगामी सप्ताह का प्रस्तावित लक्ष्य
1	2	3	4	5	6	7	8	9

हस्ताक्षर
सम्बन्धित जिलाधिकारी

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।